**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3544**
दिनांक 21 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई)**

3544. **श्री पुट्टा महेश कुमारः**
**श्री संतोष पांडेयः**
**श्री देवेश शाक्यः**
**डॉ. आनन्द कुमार गोंडः**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से पात्र लाभार्थियों की संख्या कितनी है तथा सफलतापूर्वक इसका लाभ उठाने वाली पात्र महिलाओं का प्रतिशत क्या है तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ सहित राज्य-वार तथा उत्तर प्रदेश में जिलावार कितनी धनराशि संवितरित की गई;

(ख) पीएमएमवीवाई के क्रियान्वयन में, विशेष रूप से ग्रामीण तथा दूरदराज के क्षेत्रों में आ रही प्रमुख प्रशासनिक चुनौतियों का ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने के लिए इस योजना के लाभों का आगामी प्रथम प्रसव से आगे भी विस्तार करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या पीएमएमवीवाई ने मातृ मृत्यु दर को कम करने तथा मातृ पोषण में सुधार करने में योगदान दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय मातृ एवं कल्याण कार्यक्रमों की तुलना में यह कितना है;

(ङ) क्या पीएमएमवीवाई के अंतर्गत निधि संवितरण प्रक्रिया में कोई अकुशलता, विलंब या भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(च) क्या सरकार ने उक्त योजना की सफलता और प्रभाव के संबंध में कोई अध्ययन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क) से (च):** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय दिनांक 01.01.2017 से देश के ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश भर में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) कार्यान्वित कर रहा है। पीएमएमवीवाई एक केंद्र प्रायोजित मातृत्व लाभ योजना है जिसके तहत पहले बच्चे के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) मोड में लाभार्थी के बैंक/डाकघर खाते में सीधे 5,000/- रुपये का नकद प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। पात्र लाभार्थियों को संस्थागत प्रसव के बाद जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रसूति लाभ के लिए अनुमोदित मानदण्डों के अनुसार शेष नकद प्रोत्साहन प्राप्त होता है ताकि एक महिला को औसतन 6000/- रुपए प्राप्त हों। दूसरे बच्चे के लिए पात्र लाभार्थियों को पीएमएमवीवाई के तहत 6,000/- रुपये का नकद प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाता है बशर्ते कि दूसरा बच्चा बालिका हो।

पीएमएमवीवाई के तहत नामांकित लाभार्थियों (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लाभार्थियों सहित) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या, भुगतान किए गए लाभार्थियों और वितरित राशि का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

पीएमएमवीवाई के तहत उत्तर प्रदेश राज्य के लिए नामांकित लाभार्थियों (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लाभार्थियों सहित) की संख्या, भुगतान किए गए लाभार्थियों और वितरित राशि का जिलावार डेटा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

दिनांक 1 अप्रैल, 2022 से व्यापक मिशन शक्ति योजना की शुरुआत के साथ, पीएमएमवीवाई के तहत किस्तों की संख्या तीन (3) से घटाकर दो (2) कर दी गई है। इसके अलावा, पीएमएमवीवाई के तहत मातृत्व लाभ दूसरे बच्चे के लिए भी दिया जाता है, बशर्ते कि दूसरा बच्चा बालिका हो। योजना में संशोधन के परिणामस्वरूप, एक नया पोर्टल प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सॉफ्टवेयर(पीएमएमवीवाई सॉफ्ट) तैयार किया गया तथा मार्च, 2023 में शुरू किया गया। पीएमएमवीवाई सॉफ्ट के तहत, यूआईडीएआई के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण डिजिटल रूप से किया जाता है और भारतीय राष्ट्रीय

भुगतान निगम (एनपीसीआई) सत्यापन सुनिश्चित किया जाता है ताकि निधियां सीधे उनके डीबीटी-सक्षम आधार-से जुड़े बैंक या डाकघर खातों में अंतरित की जा सकें ।

इस योजना का कार्यान्वयन राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा अपने क्षेत्र के कर्मियों के माध्यम से ऊपर उल्लिखित नए सॉफ्टवेयर का उपयोग करके किया जाता है। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को निधि समयबद्ध तरीके से जारी की जाती है बशर्ते कि वे राज्य नोडल एजेंसी (एसएनए) खाते में उपलब्ध निधियों का समय पर उपयोग करें। राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों से पीएमएमवीवाई योजना के तहत लाभार्थियों को भुगतान करने का नियमित अनुरोध किया जाता है।

इसके अलावा, लाभार्थियों को उनके आवेदनों और भुगतानों की स्थिति पर नज़र रखने की सुविधा प्रदान करने के लिए, आवेदन की तत्समय, स्थान एवं स्थिति दिखाने के लिए पीएमएमवीवाई पोर्टल पर एक 'ट्रैक एंड सर्च' सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा, किसी भी लाभार्थी द्वारा पीएमएमवीवाई से संबंधित किसी भी शिकायत दर्ज करने एवं ट्रैक करने के लिए एक शिकायत निवारण मॉड्यूल लागू किया गया है।

मंत्रालय सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए महिला सशक्तीकरण संकल्प-हब (एचईडब्ल्यू) योजना के माध्यम से मातृत्व लाभ सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है। इसमें विभिन्न सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) और व्यवहार परिवर्तन संचार (बीसीसी) क्रियाकलाप शामिल हैं जैसे प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, समाचार पत्र विज्ञापन, रेडियो जिंगल्स का प्रसारण, सेल्फी अभियान, डोर टू डोर अभियान, सामुदायिक कार्यक्रम जो क्षेत्रीय स्तरों पर आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा, मंत्रालय समय-समय पर पीएमएमवीवाई के तहत सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान भी चला रहा है।

भारत के महापंजीयक (आरजीआई) द्वारा जारी मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) पर विशेष बुलेटिन के अनुसार, देश का वर्तमान एमएमआर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 97 है। भारत में एमएमआर में 2014-16 में 130 से 2018-20 में 97 तक 33 अंकों की महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई है। नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) के अनुसार भारत में मातृ मृत्यु दर का रुझान नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

| **2014-16** | **2015-17** | **2016-18** | **2017-19** | **2018-20** |
|---|---|---|---|---|
| 130 | 122 | 113 | 103 | 97 |

*****

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) विषय के संबंध में दिनांक 21.03.2025 को लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3544 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**अनुलग्नक-I**

वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2024-25 (19.03.2025 तक) तक पीएमएमवीवाई के तहत नामांकित लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लाभार्थियों सहित), भुगतान किए गए लाभार्थियों और वितरित राशि को दर्शाने वाला विवरण:

| क्रम सं | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | नामांकित लाभार्थी | लाभार्थी को भुगतान | भुगतान किए गए लाभार्थियों का % | वितरित राशि (करोड़ रूपए में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 5,288 | 3,980 | 75.26 | 1.79 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 8,55,723 | 6,61,671 | 77.32 | 360.46 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 16,860 | 11,614 | 68.88 | 5.55 |
| 4 | असम | 8,70,118 | 7,16,034 | 82.29 | 376.43 |
| 5 | बिहार | 22,68,323 | 18,18,965 | 80.19 | 847.70 |
| 6 | चंडीगढ़ | 17,720 | 14,213 | 80.21 | 7.69 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 6,54,458 | 5,32,476 | 81.36 | 264.23 |
| 8 | दिल्ली | 3,06,807 | 2,33,871 | 76.23 | 142.75 |
| 9 | गोवा | 18,459 | 10,932 | 59.22 | 6.84 |
| 10 | गुजरात | 9,44,582 | 6,10,253 | 64.61 | 261.87 |
| 11 | हरियाणा | 4,61,317 | 2,14,825 | 46.57 | 207.01 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 1,67,685 | 1,02,791 | 61.30 | 65.99 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 2,77,045 | 1,78,027 | 64.26 | 122.83 |
| 14 | झारखंड | 4,90,940 | 4,01,611 | 81.80 | 188.53 |
| 15 | कर्नाटक | 15,95,050 | 12,64,589 | 79.28 | 763.74 |
| 16 | केरल | 5,80,009 | 4,44,899 | 76.71 | 266.81 |
| 17 | लद्दाख | 4,682 | 5,271 | 112.58 | 2.06 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | लक्षद्वीप | 1,942 | 2,552 | 131.41 | 0.65 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 23,99,734 | 22,60,969 | 94.22 | 1,042.05 |
| 20 | महाराष्ट्र | 20,76,558 | 11,63,852 | 56.05 | 809.69 |
| 21 | मणिपुर | 43,600 | 45,846 | 105.15 | 18.56 |
| 22 | मेघालय | 45,172 | 29,690 | 65.73 | 18.64 |
| 23 | मिजोरम | 25,001 | 13,341 | 53.36 | 8.96 |
| 24 | नागालैंड | 24,219 | 18,342 | 75.73 | 10.08 |
| 25 | पुदुच्चेरी | 23,027 | 12,991 | 56.42 | 10.11 |
| 26 | पंजाब | 3,99,370 | 3,76,155 | 94.19 | 188.74 |
| 27 | राजस्थान | 14,96,030 | 12,13,855 | 81.14 | 619.13 |
| 28 | सिक्किम | 17,769 | 6,416 | 36.11 | 3.72 |
| 29 | तमिलनाडु | 9,75,288 | 7,89,778 | 80.98 | 254.34 |
| 30 | दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव | 13,711 | 11,347 | 82.76 | 5.79 |
| 31 | त्रिपुरा | 67,957 | 55,634 | 81.87 | 28.12 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 28,38,851 | 17,94,097 | 63.20 | 1,243.15 |
| 33 | उत्तराखंड | 2,59,338 | 2,23,724 | 86.27 | 98.22 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 11,42,672 | 11,086 | 0.97 | 394.20 |

नोट:

1. तेलंगाना सरकार अपने राज्य में पीएमएमवीवाई योजना को कार्यन्वित नहीं कर रही है।

2. ओडिशा सरकार अपने राज्य में पीएमएमवीवाई योजना को कार्यन्वित करने की प्रक्रिया में है।

3. भुगतान किए गए लाभार्थियों का प्रतिशत 100% से अधिक हो सकता है, क्योंकि पिछले वित्तीय वर्षों में पंजीकृत कुछ लाभार्थियों को अगले वित्तीय वर्ष में भुगतान प्राप्त हुआ है।

4. यह जानकारी पीएमएमवीवाई पोर्टल (https://pmmvy.wcd.gov.in) से ली गई है।

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) विषय के संबंध में दिनांक 21.03.2025 को लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3544 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**अनुलग्नक-II**

वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2024-25 (19.03.2025 तक) तक पीएमएमवीवाई के तहत उत्तर प्रदेश राज्य के लिए नामांकित लाभार्थियों (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लाभार्थियों सहित), भुगतान किए गए लाभार्थियों और वितरित राशि का जिलावार डेटा दर्शाने वाला विवरण:

| क्रम सं | जिला | नामांकित लाभार्थी | लाभार्थी को भुगतान | भुगतान किए गए लाभार्थियों का % | वितरित राशि (करोड़ रूपए में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आगरा | 54,881 | 50,596 | 92.19 | 24.47 |
| 2 | अलीगढ़ | 55,846 | 52,284 | 93.62 | 24.98 |
| 3 | अम्बेडकर नगर | 36,986 | 37,637 | 101.76 | 16.90 |
| 4 | अमेठी | 31,965 | 30,330 | 94.89 | 12.13 |
| 5 | अमरोहा | 26,446 | 26,915 | 101.77 | 12.95 |
| 6 | औरैया | 18,339 | 17,023 | 92.82 | 7.32 |
| 7 | अयोध्या | 35,998 | 33,946 | 94.30 | 15.29 |
| 8 | आजमगढ़ | 50,871 | 48,952 | 96.23 | 21.69 |
| 9 | बागपत | 21,091 | 18,793 | 89.10 | 8.93 |
| 10 | बहराइच | 78,992 | 73,219 | 92.69 | 35.28 |
| 11 | बलिया | 37,131 | 36,686 | 98.80 | 17.37 |
| 12 | बलरामपुर | 35,280 | 28,705 | 81.36 | 13.55 |
| 13 | बाँदा | 23,669 | 23,842 | 100.73 | 11.58 |
| 14 | बाराबंकी | 43,650 | 41,585 | 95.27 | 20.05 |
| 15 | बरेली | 72,787 | 68,896 | 94.65 | 32.22 |
| 16 | बस्ती | 41,028 | 36,540 | 89.06 | 16.07 |
| 17 | भदोही | 23,357 | 20,572 | 88.08 | 8.52 |
| 18 | बिजनौर | 60,426 | 57,537 | 95.22 | 28.45 |
| 19 | शाहजहांपुर | 43,492 | 42,008 | 96.59 | 17.90 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | बुलन्द शहर | 46,085 | 46,887 | 101.74 | 22.24 |
| 21 | चंदौली | 23,513 | 20,584 | 87.54 | 9.45 |
| 22 | चित्रकूट | 17,862 | 17,679 | 98.98 | 8.38 |
| 23 | देवरिया | 40,127 | 40,803 | 101.68 | 18.99 |
| 24 | एटा | 22,881 | 19,598 | 85.65 | 8.38 |
| 25 | इटावा | 16,930 | 16,775 | 99.08 | 7.24 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 33,575 | 33,282 | 99.13 | 15.22 |
| 27 | फ़तेहपुर | 23,199 | 22,279 | 96.03 | 9.55 |
| 28 | फिरोजाबाद | 25,935 | 22,839 | 88.06 | 9.80 |
| 29 | गौतमबुद्ध नगर | 15,496 | 14,330 | 92.48 | 6.37 |
| 30 | गाजियाबाद | 79,391 | 68,822 | 86.69 | 32.45 |
| 31 | गाजीपुर | 45,265 | 44,515 | 98.34 | 19.45 |
| 32 | गोंडा | 39,206 | 38,204 | 97.44 | 18.44 |
| 33 | गोरखपुर | 51,153 | 49,792 | 97.34 | 22.55 |
| 34 | हमीरपुर | 17,438 | 17,079 | 97.94 | 7.63 |
| 35 | हापुड | 15,872 | 13,817 | 87.05 | 6.40 |
| 36 | हरदोई | 51,864 | 53,545 | 103.24 | 25.55 |
| 37 | हाथरस | 30,363 | 24,055 | 79.22 | 11.00 |
| 38 | जालौन | 29,363 | 27,265 | 92.85 | 13.14 |
| 39 | जौनपुर | 50,960 | 50,700 | 99.49 | 24.41 |
| 40 | झांसी | 25,824 | 24,240 | 93.87 | 10.72 |
| 41 | कन्नौज | 17,667 | 17,403 | 98.51 | 8.12 |
| 42 | कानपुर देहात | 27,079 | 25,670 | 94.80 | 11.79 |
| 43 | कानपुर नगर | 51,212 | 48,748 | 95.19 | 21.84 |
| 44 | कासगंज | 20,886 | 20,536 | 98.32 | 9.09 |
| 45 | कौशांबी | 31,334 | 28,447 | 90.79 | 13.63 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 46 | खेरी | 57,081 | 55,240 | 96.77 | 25.34 |
| 47 | कुशी नगर | 44,442 | 41,316 | 92.97 | 17.91 |
| 48 | ललितपुर | 18,646 | 17,349 | 93.04 | 7.82 |
| 49 | लखनऊ | 42,307 | 38,994 | 92.17 | 18.14 |
| 50 | महाराजगंज | 50,711 | 50,402 | 99.39 | 21.79 |
| 51 | महोबा | 15,359 | 14,337 | 93.35 | 6.86 |
| 52 | मैनपुरी | 23,441 | 21,702 | 92.58 | 9.55 |
| 53 | मथुरा | 32,287 | 31,369 | 97.16 | 14.29 |
| 54 | मऊ | 25,675 | 25,452 | 99.13 | 12.01 |
| 55 | मेरठ | 39,888 | 40,998 | 102.78 | 19.56 |
| 56 | मिर्जापुर | 40,774 | 38,711 | 94.94 | 18.72 |
| 57 | मुरादाबाद | 49,012 | 45,792 | 93.43 | 21.61 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 43,758 | 39,069 | 89.28 | 19.32 |
| 59 | पीलीभीत | 26,570 | 26,157 | 98.45 | 10.91 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 47,340 | 45,628 | 96.38 | 22.09 |
| 61 | प्रयागराज | 71,123 | 68,370 | 96.13 | 31.65 |
| 62 | रायबरेली | 30,027 | 30,821 | 102.64 | 13.51 |
| 63 | रामपुर | 47,425 | 42,296 | 89.19 | 19.90 |
| 64 | सहारनपुर | 54,850 | 56,600 | 103.19 | 28.70 |
| 65 | संभल | 28,562 | 28,989 | 101.49 | 13.77 |
| 66 | संतकबीरनगर | 26,235 | 25,304 | 96.45 | 11.57 |
| 67 | शाहजहांपुर | 54,957 | 53,972 | 98.21 | 25.46 |
| 68 | शामली | 24,541 | 21,688 | 88.37 | 10.56 |
| 69 | श्रावस्ती | 13,623 | 11,901 | 87.36 | 4.87 |
| 70 | सिद्धार्थनगर | 34,320 | 29,068 | 84.70 | 12.26 |
| 71 | सीतापुर | 76,973 | 73,642 | 95.67 | 34.42 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 72 | सोनभद्र | 26,606 | 22,249 | 83.62 | 9.63 |
| 73 | सुल्तानपुर | 37,093 | 37,944 | 102.29 | 17.67 |
| 74 | उन्नाव | 51,363 | 48,635 | 94.69 | 22.22 |
| 75 | वाराणसी | 61,147 | 53,813 | 88.01 | 23.56 |

नोट:

1. भुगतान किए गए लाभार्थियों का प्रतिशत 100% से अधिक हो सकता है, क्योंकि पिछले वित्तीय वर्षों में पंजीकृत कुछ लाभार्थियों को अगले वित्तीय वर्ष में भुगतान प्राप्त हुआ है।

2. यह जानकारी पीएमएमवीवाई पोर्टल (https://pmmvy.wcd.gov.in) से ली गई है।

*****